पद : सलाहकार [विधि]	पद कोड : CON-15
अवधि : नियुक्ति संविदात्मक तथा प्रारम्भ में पूर्णकालिक आधार पर एक वर्ष की अवधि के लिए है। **समेकित वेतन :** अनुभव एवं योग्यता के आधार पर समेकित शुल्क 60,000 रुपये से 90,000 रुपये प्रति माह के बीच तय किया जाएगा। **कार्य विवरण :** बाइरैक में सलाहकार (विधि) सीधे तौर पर विधि समूह के साथ काम करेंगे और कानूनी सलाह संबंधी सेवाएं प्रदान करने तथा बाइरैक हेतु कानूनी एवं संविदात्मक जोखिमों के प्रभावी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।	
पद की जिम्मेदारियों में निम्नलिखित बिन्दु शामिल हैं किन्तु केवल इन तक सीमित नहीं: ▪ जोखिम की पहचान करना और प्रबंधक तंत्र को संविदात्मक दायित्व एवं जोखिम आदि पर सलाह देना। प्रबंधक तंत्र को विशेष रूप से अनुबंध प्रबंधन संबंधी कानूनी सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन सलाह प्रदान करना। ▪ कानूनी कार्यवाई संबंधी प्रक्रिया का प्रबंधन करना और कार्यवाई रिपोर्ट की समीक्षा करना। ▪ आंतरिक नीतियों और प्रक्रियाओं के कानूनी प्रभावों की समीक्षा करना और प्रबंधक तंत्र को सलाह देना। जोखिम की पहचान करना और संविदात्मक दायित्व एवं जोखिमों पर प्रबंधक तंत्र को सलाह देना। ▪ प्रत्येक कॉल के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत आवेदक संस्थाओं की कानूनी योग्यता की जाँच करना। ▪ ड्राफ्ट अनुबंध, समझौता ज्ञापन, जीएलए, जीआईए एवं अन्य समझौते तथा सुनिश्चित करना कि वे सभी वैधानिक अथवा कानूनी आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं। बाइरैक मानदंड के अनुपालन में पूरी तरह से समीक्षा करने के बाद ऐसे प्रत्येक निष्पादित अनुबंध/एमओयू/जीएलए और अन्य समझौतों पर विस्तृत कानूनी राय प्रदान करना। ▪ एमओयू, सहयोगात्मक अनुसंधान समझौते, साझेदारी समझौते, इन्क्यूबेशन समझौते, सुविधा समझौते, गैर-प्रकटीकरण समझौते (एनडीए), बौद्धिक संपदा (आईपी) समझौते, आईपी असाइनमेंट समझौते और अन्य समझौतों सहित सभी कानूनी सहायता प्रदान करना। ▪ प्रस्तावित परिवर्तनों के अनुसार जीएलए प्रारूपों, दिशानिर्देशों का ड्राफ्ट तैयार करना, परियोजना प्रभाग के दिशानिर्देशों में संशोधन करना। ▪ अधिवक्ता के रूप में न्यायालय में बाइरैक की ओर से कार्य करना या वकालत करना।	**आवश्यक योग्यता :** मान्यता प्राप्त संस्थान से एलएलबी। **विशिष्ट ज्ञान क्षेत्र का अनुभव :** अनुबंधों के प्रारूपण तथा अनुदान पत्र समझौतों, संविदात्मक दायित्वों, अनुबंधों एवं समझौते के संबंध में विभिन्न कानूनी प्रावधानों का उत्तम ज्ञान। **वांछनीय योग्यता :** किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एलएलएम। बौद्धिक संपदा अधिकार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **अनुभव : 03** से **10** वर्ष के मध्य केंद्र/राज्य सरकार या स्वायत्त संस्थानों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या किसी प्रतिष्ठित संगठन में कानूनी सलाहकार के रूप में न्यूनतम **03** वर्ष का अनुभव अधिकतम आयु **:** आवेदन के समापन की तिथि के अनुसार **45** वर्ष।